बरेली, मंगलवार
10 अक्टूबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

PAGE NO : 04 TOP

बैडमिंटन: अखिलेश दास गुप्ता स्मारक आल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट सुबह 10 बजे।

अमोलिका और मानसी ने मुकाबले जीत अगले राउंड में किया प्रवेश

बैडमिंटन प्रतियोगिता में असम और कर्नाटक के खिलाड़ियों के बीच हुआ मुकाबला ● जागरण

जागरण संवाददाता, बरेली : डा. अखिलेश दास गुप्ता स्मारक आल इंडिया सीनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट-2023 में सोमवार को मुख्य ड्रा के मुकाबले खेले गए। उप्र. की अमोलिका सिंह व मानसी सिंह ने अगले दौर में जगह बनाई। मध्यप्रदेश के तृतीय वरीयता प्राप्त अल्प मिश्रा ने महाराष्ट्र के निशांत कलंडे पर जीत दर्ज कर अगले राउंड प्रवेश किया। उप्र. के एस शर्मा दिल्ली के प्रथम वरीयता प्राप्त गुलशन कुमार से हार गए। मुख्य अतिथि महापौर डा. उमेश गौतम ने मैच का उद्घाटन किया। मुख्य ड्रा के पहले दिन 40 मुकाबले हुए। महिला एकल में उप्र की अमोलिका सिंह ने कर्नाटक की पोंगढ़ी राजू को 21-15, 18-21, 21-7 से शिकस्त दी। यूपी की मानसी सिंह ने आंध्र प्रदेश की आकांक्षा मठे को 13-21, 21-15, 21-16 पटखनी देकर दूसरे चरण में जगह बनाई पुरुष एकल में महाराष्ट्र के वरुण कपूर ने मणिपुर के विद्यासागर को 21-7, 21-11 परास्त किया। इससे पहले टूर्नामेंट के बचे हुए क्वालिफाइंग राउंड के मैच भी खेले गए। इस दौरान अरुण मेहरोत्रा, डीएल खट्टर, जगदीश खंडेलवाल, विष्णु शंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।